*प्रेस विज्ञप्ति*

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## महिला किसानों को दुग्ध उत्पाद प्रसंस्करण का एक दिवसीय प्रशिक्षण

पंतनगर। 20 जनवरी 2026। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत महिला किसानों को दुग्ध उत्पादों के प्रसंस्करण पर एक–दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डा. प्रभाकरन, डा. प्रनिता सिंह एवं डा. अमन कम्बोज के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भीमताल ब्लॉक के सूरज्याला गांव की महिला किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पनीर, पेड़ा, बर्फी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के निर्माण की वैज्ञानिक विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही दुग्ध उत्पादों के विपणन से होने वाले आर्थिक लाभ, पशुओं की देखभाल तथा उच्च गुणवत्ता वाले दूध उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डा. एम.ए. अंसारी, सह–परियोजना अधिकारी डा. अनिल कुमार, वरिष्ठ शोध अध्येता डा. नेहा आर्या एवं क्षेत्र सहायक श्री अरुण कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने महिला किसानों को परियोजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महिला किसानों को प्याज के बीज वितरित किये गये। कार्यक्रम के अंत में महिला किसानों ने परियोजना अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस प्रकार के और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया। यह पहल फार्मर फर्स्ट परियोजना द्वारा महिला किसानों को आर्थिक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

